नई दिल्ली | रविवार, 4 दिसंबर 2022

अमर उजाला

## तीरंदाजी में सागर को पहला स्थान मिला

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 3 से 5 दिसंबर तक आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुबेश पांडेय ने किया। प्रतियोगिता में सागर ने पहला स्थान प्राप्त किया। इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में अग्रवाल कॉलेज के सागर ने प्रथम रहे। वहीं, मेघा ने तृतीय स्थान पाया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता रविन्द्र जैन, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. रामचंद्र, डॉ. रितु व डॉ. अशोक निराला मौजूद रहे। संवाद